**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 30.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर कल आयेंगी झारखंड, रांची, देवघर और धनबाद में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध।**
2. **एक अगस्त से शुरु हो रहे मानसून सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष आज कर रहे हैं अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक।**
3. **राजधानी रांची से दिनदहाड़े स्कूली छात्रा का अपहरण, पुलिस की दबिश के कारण रामगढ़ में बच्ची को सड़क पर छोड़ फरार हुए अपराधी।**
4. **रोजगार की तलाश में सउदी अरब गये रांची के युवक की मौत, परिजनों ने सरकार से शव स्वदेश मंगाने की लगायी गुहार।**
5. **संताल परगना के कई इलाकों में तेज बारिश जारी, पाकुड़ में वज्रपात से एक की मौत, दूसरा घायल, जामताड़ा में गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत।**

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू  दो दिवसीय दौरे पर कल झारखंड पहुंचेंगी। उनके आगमन को लेकर झारखंड पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। राष्ट्रपति कल दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर देवघर पहुंचेंगी और एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। एम्स के निदेशक डा. सौरभ वार्ष्णेय ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

इस बीच उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं।

*******************

धनबाद और देवघर के साथ ही राजधानी रांची में भी राष्ट्रपति के दौरे को लेकर कई एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि राजधानी रांची में एयरपोर्ट से राजभवन तक जाने वाले मार्ग पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान के दौरान ट्रैफिक रूट में भी आवश्यक बदलाव किए जाएंगे।

*******************

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र एक अगस्त से शुरु हो रहा है। इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो आज अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर रहे हैं। बैठक में लंबित आश्वासनों पर रिपोर्ट और समय पर विधेयक विधानसभा सचिवालय को  उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर चर्चा की जा रही है। सत्र के सुचारु संचालन के लिए कल विधानसभा अध्यक्ष ने सर्वदलीय बैठक बुलायी है।

*******************

प्रदेश कांग्रेस कमिटी की तीन सदस्यीय टीम ने रामगढ़ में पुलिस हिरासत से फरार आफताब अंसारी की मौत की जांच की। कमिटी में कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप तुलस्यान और महासचिव राजेश गुप्ता शामिल थे। नौकरी दिलाने के नाम पर यौन उत्पीड़न की शिकार पीड़ित आदिवासी महिला से भी टीम ने मुलाकात की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री कच्छप ने कहा कि इस मामले को धार्मिक रंग देने के प्रयास को विफल किया जायेगा।

*******************

राज्य में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया तेज कर दी गयी है। इस कड़ी में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने आज सरायकेला–खरसांवा जिले में नगर विकास विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने नगर निकायों में पिछड़े वर्ग के सामाजिक– आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त  की।

*******************

रांची से अपहृत स्कूली छात्रा को पुलिस ने रामगढ़ जिले के कुजू थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस के डर से अपराधी छात्रा को सड़क पर छोड़कर फरार हो गए। रांची एसएसपी सह डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा ने छात्रा की बरामदगी की पुष्टि की है। गौरतलब है कि रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित सिरमटोली फ्लाईओवर के पास से अज्ञात अपराधियों ने एक स्कूली छात्रा का अपहरण कर लिया था। पुलिस अपरहरणकर्ताओं की तलाश में छापेमारी कर रही है।

*******************

रांची के चान्हो प्रखंड स्थित बलसोकरा निवासी 42 वर्षीय शाहिद अंजुम की सऊदी अरब में मौत हो गयी है। ऑफिस जाने के क्रम में बस में ही शाहिद को हर्ट अटैक आया और उसने दम तोड़ दिया। शाहिद के छोटे भाई राशिद इक़बाल ने इसकी जानकारी देते हुए भारत सरकार और विदेश मंत्रालय से शव स्वदेश मंगाने की गुहार लगायी है।

**साउंड बाइट– राशिद अहमद ऑन भाव वापसी – 21 सेकेंड**

***********************

गढ़वा जिले के कांडी थाना क्षेत्र के मडरा गांव में आज सुबह करीब सात बजे गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने पहुंचकर मामले की छानबीन की। परिजन और स्थानीय ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं।

***********************

गिरिडीह जिले में जिला प्रशासन की ओर से बाल श्रम के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की रणनीति तैयार की गयी है। और जानकारी दे रहे हैं

***********************

वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच आज भारतीय शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 22 अंक बढ़कर 24 हजार 843 पर और सेंसेक्स 64 अंक बढ़कर 81 हजार 402 पर बंद हुआ।

***********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 91 हजार 5 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 20 हजार रूपये है।

***********************

संताल परगना के कई इलाकों में आज तेज बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। उधर, पाकुड़ जिले के लिटीपाड़ा प्रखण्ड के बड़ा घघरी गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक अन्य जख्मी हो गया। जख्मी व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

***********************

उधर, जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चे की मौत हो गई। दोनों जुड़वा भाई थे। बताया जाता है कि दोनों को गंभीरावस्था में अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

***********************

डीएवी स्पोर्ट्स 2025 के अंतर्गत दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट आज से शुरु हो रहा है। इसमें झारखंड जोन के दस विद्यालयों के लगभग पांच सौ छात्र भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन रांची के खेलगांव में होगा।

*********समाप्त**************